# खराब निर्माण देख भड़के कलेक्टर

## एसडीएम कार्यालय की निर्माण एजेंसी को 'ब्लैक लिस्ट' करने के निर्देश

**छतरपुर, 9 अप्रैल.** कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने लवकुशनगर के शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित एचपीवी वैक्सीनेशन शिविर का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने कक्षा में बैठकर 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया. साथ ही अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बेटियों को यह वैक्सीन अवश्य लगवाएं, यह पूरी तरह सुरक्षित है और इसके कोई दुष्प्रभाव नहीं हैं.

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने लवकुशनगर में बनाए गए नवीन एसडीएम कार्यालय का भी जायजा लिया. यहां निर्माण कार्य में गुणवत्ता की कमी और दीवारों में दरारें पाए जाने पर उन्होंने संबंधित अधिकारी और ठेकेदार पर कड़ी नाराजगी जताई. उन्होंने निर्माण एजेंसी को ब्लैकलिस्ट करने और संबंधित इंजीनियर के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए.



इसके अलावा कलेक्टर ने निर्माणाधीन नवीन सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) भवन का निरीक्षण करते हुए कार्य को एक माह के भीतर पूर्ण कर हैंडओवर करने के निर्देश दिए. उन्होंने नल, बिजली कनेक्शन, फायर सेफ्टी सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पर सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया. साथ ही परिसर के ग्राउंड के समतलीकरण के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.

# ग्राम देवनगर में जल गंगा अभियान का निरीक्षण

## कलेक्टर ने मजदूरों के भुगतान व बिजली समस्या पर दिए निर्देश

**छतरपुर, 9 अप्रैल.** छतरपुर कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने ग्राम देवनगर का निरीक्षण करते हुए विभिन्न विकास कार्यों और योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत हितग्राही मुल्लु के खेत में बनाए जा रहे खेत तालाब का निरीक्षण किया और अधिकारियों को मजदूरों से नियमित काम कराने तथा समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.

कलेक्टर ने मनरेगा अंतर्गत संचालित 'एक बगिया मां के नाम' अभियान के तहत लगाए गए फल उद्यान का भी निरीक्षण किया. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को उद्यान के बेहतर रखरखाव और संरक्षण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.



### कलेक्टर ने ग्रामवासियों की सुनीं समस्याएं

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्रामवासियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी. उन्होंने नामांतरण, बंटवारा, संबल योजना, उपार्जन पंजीयन, लाड़ली बहना योजना, किसान सम्मान निधि, आंगनवाड़ी टीकाकरण और अन्य सेवाओं की स्थिति के बारे में जानकारी ली. ग्रामीणों ने बिजली कटौती की समस्या प्रमुख रूप से उठाई, जिस पर कलेक्टर ने तत्काल एसडीएम को समाधान कराने के निर्देश दिए. इसके अलावा खेल मैदान और सुदूर सड़क निर्माण को लेकर भी आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए.

# तपती धूप में पक्षियों का सहारा बना 'सकोरा अभियान'





**छतरपुर, 9 अप्रैल. सूरज के तीखे तेवरों के साथ ही बुंदेलखंड में भीषण गर्मी ने दस्तक दे दी है. इस तपती धूप में जहाँ इंसान बेहाल है, वहीं बेजुबान पशु-पक्षियों के लिए दाने-पानी का संकट खड़ा हो गया है. इसी मानवीय संवेदना को समझते हुए नगर के 'युवा शक्ति संगठन' ने इस वर्ष भी अपने सेवाभावी 'सकोरा अभियान' का आगाज किया है.**

- परिंदों के लिए हर कदम पर जल की व्यवस्था
- युवा शक्ति ने नए टीआई आशुतोष श्रोत्रिय का किया स्वागत

### सेवा पथ पर सक्रिय युवा टोली

कार्यक्रम के दौरान संगठन के प्रमुख संयोजक रोहित चौरसिया, उमाशंकर प्रजापति, ऋतिक रैकवार, कृष्णकांत चौरसिया, विश्वजीत प्रजापति और शिवा चौरसिया सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे. साथ ही सिविल लाइन थाने का स्टाफ भी इस नेक पहल का साक्षी बना. युवाओं की इस टोली ने नगरवासियों से भी अपील की है कि वे अपने घरों की छतों और बालकनी में पक्षियों के लिए पानी के पात्र अवश्य रखें.

संगठन द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों, उद्यानों और सार्वजनिक स्थानों पर मिट्टी के पात्र (सकोरे) बांधे गए हैं. युवाओं ने न केवल इन पात्रों को स्थापित किया, बल्कि भीषण गर्मी के दौरान इनमें नियमित रूप से जल भरने का सामूहिक संकल्प भी लिया. संगठन के सदस्यों का कहना है कि वे पिछले कई वर्षों से इस परंपरा का निर्वहन कर रहे हैं. इस अभियान का मूल उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आम जनमानस में जीव-जंतुओं के प्रति दया और संवेदनशीलता की भावना जागृत करना है.

### नवागत टीआई ने थपथपाई युवाओं की पीठ

इस पुनीत कार्य के दौरान सिविल लाइन थाने के नवनियुक्त थाना प्रभारी (टीआई) आशुतोष श्रोत्रिय विशेष रूप से उपस्थित रहे. उन्होंने युवाओं की इस निस्वार्थ सेवा की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि सामाजिक सरोकारों के प्रति युवाओं की यह सक्रियता समाज के लिए प्रेरणादायी है. इस अवसर पर संगठन के सदस्यों ने नवागत टीआई का पुष्पमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत भी किया.

# अंधेकत्ल का खुलासा: पत्नी, बेटी और दो प्रेमियों ने की थी हत्या, गिरफ्तार

**बड़ा मलहरा 9 अप्रैल. थाना बड़ामलहरा पुलिस ने एक संदिग्ध मौत के मामले का खुलासा करते हुए पत्नी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।**

पुलिस के अनुसार 28 मार्च को फरियादिया रानी उपाध्याय निवासी ग्राम सिंग्रामपुर की रिपोर्ट पर थाना बड़ामलहरा में मर्ग क्रमांक 14/26 धारा 194 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान मृतक संतोष उपाध्याय की गर्दन पर मिले चोट के निशान संदिग्ध पाए गए।

पुलिस द्वारा मृतक की पत्नी रानी उपाध्याय से सख्ती से पूछताछ करने पर उसने बताया कि पति के साथ अक्सर विवाद और मारपीट से परेशान होकर उसने अपने साथियों दीपक शुक्ला, विक्की ठाकुर और एक विधि विवादित बालिका के साथ मिलकर पूर्व नियोजित योजना बनाई।



घटना के दिन आरोपियों ने मिलकर संतोष उपाध्याय का मुंह चादर से दबाकर गला घोंटकर हत्या कर दी और बाद में इसे आत्महत्या दिखाने के लिए शव को फांसी पर लटका दिया।

पुलिस ने मामले में अपराध क्रमांक 90/26 धारा 103(1), 238 (ए) 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी रानी उपाध्याय (37 वर्ष), दीपक शुक्ला (20 वर्ष) निवासी ग्राम भवानी टपरियन हाल वार्ड क्रमांक 15 बड़ामलहरा और विक्की उर्फ विक्रम सिंह (19 वर्ष) निवासी ग्राम लखनवां को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त टीवी केबल, चादर, तौलिया, शर्ट और ताले की चाबी बरामद की गई है। वहीं विधि विवादित बालिका को अभिरक्षा में लेकर किशोर न्यायालय छतरपुर में प्रस्तुत किया गया है। इस पूरी कार्रवाई में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बड़ामलहरा रोहित सिंह अलावा के निर्देशन में थाना प्रभारी श्रद्धा शुक्ला सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# डिग्री कॉलेज के बंद मेन गेट पर अतिक्रमण

**छतरपुर, 9 अप्रैल. नौगांव स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय बापू डिग्री कॉलेज का मुख्य प्रवेश द्वार इन दिनों अव्यवस्था और प्रशासनिक लापरवाही का प्रतीक बनता जा रहा है. लाखों रुपये की लागत से निर्मित यह मेन गेट लंबे समय से बंद पड़ा है और इसका उपयोग नहीं हो रहा, जिससे यह केवल शोपीस बनकर रह गया है.**

- लाखों की लागत से बना गेट वर्षों से बंद
- छात्रों ने गेट खोलने, कार्रवाई की उठाई मांग

गेट के लगातार बंद रहने का फायदा उठाकर आसपास के लोगों ने उसके सामने अतिक्रमण कर लिया है. गेट के सामने अस्थायी कब्जे और अव्यवस्थित निर्माण हो चुके हैं, जिससे न केवल कॉलेज की सुंदरता प्रभावित हो रही है, बल्कि छात्रों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है. कॉलेज आने-जाने वाले विद्यार्थियों को मजबूरी में वैकल्पिक रास्तों का उपयोग करना पड़ रहा है. छात्राओं का कहना है कि मुख्य मार्ग बंद होने के कारण उन्हें लंबा और कई बार असुरक्षित रास्ता अपनाना पड़ता है, जिससे उनकी सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती है.





# युवक का अधजला शव मिला

## मृतक की उम्र करीब 18 से 22 वर्ष के बीच

**छतरपुर, 9 अप्रैल.** शहर के शांत इलाकों में शुमार सिटी कोतवाली क्षेत्र के सुनसान रास्तों पर गुरुवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब बरकौंहा और गठेवरा के बीच एक युवक का अधजला शव बरामद हुआ.

हत्यारों ने न केवल युवक की बेरहमी से जान ली, बल्कि अपनी पहचान छुपाने और साक्ष्य मिटाने के लिए शव को आग के हवाले कर दिया. हालत इतनी वीभत्स है कि मृतक का चेहरा पहचानना नामुमकिन साबित हो रहा है.

- शव बुरी तरह क्षत-विक्षत
- पहचान करना मुश्किल

वारदात की खबर लगते ही कोतवाली थाना प्रभारी सतीश सिंह और सीएसपी अरुण सोनी दल-बल के साथ मौके पर पहुँचे. घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान पुलिस को मृतक के पास केवल अंडरवियर मिला है. जमीन पर मिले निशानों और परिस्थितियों को देखते हुए अंदेशा जताया जा रहा है कि युवक की हत्या किसी अन्य स्थान पर की गई और साक्ष्य नष्ट करने की मंशा से शव को इस निर्जन स्थान पर लाकर जलाया गया.



### रिकॉर्ड खंगाल रही पुलिस

मृतक युवक इकहरे बदन का है, जिसकी आयु 18 से 22 वर्ष के आसपास प्रतीत हो रही है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मर्चुरी में सुरक्षित रखवा दिया है. फिलहाल अज्ञात होने के कारण पोस्टमार्टम की प्रक्रिया रुकी हुई है. पुलिस की अलग-अलग टीमें जिले भर के थानों में हाल ही में दर्ज हुई गुमशुदगी की शिकायतों का मिलान कर रही हैं, ताकि मृतक की शिनाख्त हो सके.

### कानून के हाथ और अपराधियों की चुनौती

छतरपुर शहर के बाहरी इलाकों में मिली इस लाश ने पुलिसिंग और सुरक्षा व्यवस्था के सामने एक बड़ी चुनौती पेश कर दी है. हालांकि, पुलिस का दावा है कि तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय इनपुट के आधार पर जल्द ही इस गुत्थी को सुलझा लिया जाएगा. लेकिन सवाल वही है-आखिर वह कौन सी रंजिश थी जिसने एक जवान युवक को इतनी दर्दनाक मौत और राख के ढेर में तब्दील कर दिया?

# जिला न्यायालय में महिला टाइपिस्ट से अभद्रता

## पुलिस ने आरोपी को मौके से किया गिरफ्तार



**छतरपुर, 9 अप्रैल.** छतरपुर नगर के जिला न्यायालय परिसर में महिला टाइपिस्ट के साथ अभद्रता का मामला सामने आया है, जिससे न्यायालय परिसर में हड़कंप की स्थिति बन गई. जानकारी के अनुसार, एक आरोपी द्वारा महिला टाइपिस्ट के साथ अभद्र व्यवहार किया गया, जिस पर तत्काल प्रतिक्रिया देते हुए मौके पर पुलिस पहुंची.

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया. घटना के बाद न्यायालय परिसर में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल बना रहा, हालांकि पुलिस की तत्परता से स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया. मामले को लेकर एडिशनल एसपी आदित्य पटले ने गुरुवार दोपहर करीब 2:30 बजे जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है और मामले की जांच जारी है. फिलहाल पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई की जा रही है.

# अवैध पिस्टल के साथ युवक गिरफ्तार

**छतरपुर, 9 अप्रैल.** छतरपुर पुलिस द्वारा अवैध हथियारों के खिलाफ लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में कोतवाली पुलिस ने बीती रात एक युवक को अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है. पुलिस को क्षेत्र भ्रमण के दौरान महल तिराहा इलाके में एक संदिग्ध व्यक्ति के अवैध हथियार के साथ होने की सूचना मिली थी.

- 25 हजार रुपये कीमत की पिस्टल बरामद

सूचना मिलते ही पुलिस टीम बड़ा तालाब चौपाटी पहुंची और संदेही को घेराबंदी कर पकड़ लिया. तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक अवैध पिस्टल बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 25 हजार रुपए बताई जा रही है. पुलिस ने आरोपी को मौके से हिरासत में ले लिया.





गिरफ्तार आरोपी की पहचान विनय नामदेव पिता श्याम बिहारी नामदेव निवासी बजरंग नगर, थाना सिविल लाइन छतरपुर के रूप में हुई है. उसके खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है. आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है. पुलिस का कहना है कि अवैध हथियारों के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा.

**आध्यात्मिक यात्रा** — ऑस्ट्रेलिया के संसद भवन में बोले बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेन्द्र शास्त्री

# विनाश के लिए युद्ध और विकास के लिए बुद्ध को चुनो

**छतरपुर, 9 अप्रैल. ऑस्ट्रेलिया की 8 दिवसीय आध्यात्मिक यात्रा पर पहुँचे बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने बुधवार को एक नया इतिहास रच दिया. यह पहला अवसर है जब किसी भारतीय संत ने ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा स्थित संसद भवन में सनातन संस्कृति और विश्व शांति का संदेश दिया.**

इस ऐतिहासिक सत्र की शुरुआत राष्ट्रगान और हनुमान चालीसा के पाठ के साथ हुई, जिसने वैश्विक पटल पर भारतीय अध्यात्म की स्वीकार्यता को एक नई ऊँचाई दी है.



### संवाद ही एकमात्र विकल्प: युद्ध पर प्रहार

संसद में उपस्थित सांसदों और गणमान्य नागरिकों को संबोधित करते हुए बागेश्वर सरकार ने वैश्विक संघर्षों पर तीखा प्रहार किया. उन्होंने ईरान-अमेरिका तनाव और मिडिल ईस्ट के हालातों का जिक्र करते हुए कहा, 'विवाद कोई रास्ता नहीं, संवाद ही एकमात्र रास्ता है. यदि आपको विनाश करना है तो युद्ध को चुनो, लेकिन यदि विकास करना है तो बुद्ध का मार्ग चुनो.' उन्होंने महाभारत का उदाहरण देते हुए कहा कि युद्ध के बाद जमीन वहीं रह जाती है, लेकिन लड़ने वाले समाप्त हो जाते हैं.

### भारत ने दुनिया को परिवार माना, व्यापार नहीं

शांति की गहन व्याख्या करते हुए महाराजश्री ने कहा कि अशांत मन से कभी भी शांत समाज का निर्माण नहीं हो सकता. उन्होंने कहा, 'मनुष्य तब तक अशांत रहता है जब तक वह अतृप्त है. बड़े-बड़े राजा और वैभवशाली लोग अशांत हैं, जबकि साधु-संत अपनी तृप्ति के कारण परम शांत हैं. अपने भीतर के तत्व को पहचानना ही वास्तविक शांति है. भारतीय संस्कृति की महानता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया के अन्य देशों ने हमेशा व्यापारिक हितों को प्राथमिकता दी, लेकिन भारत ने सदैव 'वसुधैव कुटुंबकम' के सिद्धांत पर चलते हुए पूरी दुनिया को एक परिवार की दृष्टि से देखा है. उन्होंने यह भी कहा कि जहाँ दुनिया ने स्त्रियों को भोग की वस्तु माना, वहीं भारतीय परंपरा ने उन्हें 'पूज्या' का स्थान देकर सम्मानित किया. पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने ऑस्ट्रेलिया प्रशासन और वहां के मूल निवासियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि विश्व शांति की चर्चा के लिए भारतीय संत को यह मंच प्रदान करना गौरव की बात है.

# स्टेट बैंक में लूट की कोशिश नाकाम

**छतरपुर, 9 अप्रैल.** छतरपुर जिला मुख्यालय स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य शाखा में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक शातिर युवक ने बैंक के अंदर ही बुजुर्ग कर्मचारी से नकदी छीनकर भागने की कोशिश की. हालांकि, उसकी यह कोशिश सफल नहीं हो सकी और मौके पर मौजूद लोगों की सतर्कता से उसे पकड़ लिया गया.

- बुजुर्ग से पैसे छीनकर भाग रहे युवक को पकड़ा
- गार्ड और ग्राहकों की सतर्कता से आरोपी धराया
- सिटी कोतवाली पुलिस को सौंपा

जानकारी के अनुसार, सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के बसारी दरवाजा निवासी लल्लूराम वाल्मीकि, जो पशुपालन विभाग में स्वीपर के पद पर कार्यरत हैं, सुबह करीब 11 बजे बैंक पहुंचे थे. उन्होंने अपने खाते से 49 हजार रुपए निकाले और काउंटर के पास खड़े होकर रुपए गिन रहे थे. इसी दौरान वहां पहले से मौजूद एक युवक ने अचानक उनके हाथ से करीब 5000 रुपए छीन लिए और मुख्य द्वार की ओर भागने लगा. बुजुर्ग के शोर मचाने पर बैंक गार्ड और अन्य ग्राहकों ने तुरंत आरोपी को बाहर निकलने से पहले ही पकड़ लिया. सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया. पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शब्बीर बताया है, जो भोपाल का रहने वाला है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.

